भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
<u>हिंदी अनुभाग</u>

सं. सं. ई-11011/12/2023-हिंदी-आईबीएम_एचक्यु/ इंदिरा भवन, सिविल लाइन्स,

नागपुर, दिनांक :11/10/2023

**<u>भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा-2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह।</u>**

**भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर में दिनांक 11/10/2023 को श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा - 2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर श्री पंकज कुलश्रेष्ठ , मुख्य खान नियंत्रक, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे । साथ ही डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कार्मिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।**

**कार्यक्रम के आरम्भ में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी और माननीय संसदीय कार्य ,कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी जी का सन्देश मंचासीन अधिकारियों द्वारा वाचन किया गया ।**

**सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री पी. एन. शर्मा ने राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया । उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कृत कार्मिकों को बधाई दी ।**

**इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्री पंकज कुलश्रेष्ठ ने भी पुरस्कृत प्रतिभागियों को बधाई दी तथा साथ ही, हिंदी पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए हिंदी अनुभाग की सराहना की । उन्होंने आगे कहा कि यद्यपि हम हिंदी को बढ़ाने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं, परन्तु उसके लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए ।**

**डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की महत्ता बतायी । उन्होंने आगे कहा कि विदेशों में भी हिंदी काफी प्रचलित है तथा विश्व के अनेक विश्विद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है । यह गर्व का विषय है कि वैश्विक स्तर पर हिंदी का तेजी से विकास हो रहा है । इसके पूर्व श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय में गत वर्ष के दौरान हिंदी सम्बन्धी कार्यों की उपलब्धियां सभा के समक्ष पढ़कर सुनायी ।**

**हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए**

विभिन्न हिंदी विषयक प्रतियोगिताओं में भारतीय खान ब्यूरो के कार्मिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया ।

हिंदी पखवाड़ा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का संचालन श्री विनय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री किशोर डी. पारधी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा दिया गया। उक्त समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन में हिंदी अनुभाग के श्रीमती मिताली चटर्जी, सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्रीमती वीनू खत्री, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री सुबोध कुमार, आशुलिपिक, श्री प्रदीप कुमार सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक, श्री राहुल कौशिक, उच्च श्रेणी लिपिक तथा श्री एम.एन. मोरे, प्रेसमैन का पूर्ण योगदान रहा।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
खान ब्यूरो, नागपुर
G20
2023
INDIAN BUREAU OF MINES
ON WITH THE JOB

आज़ादी का अमृत महोत्सव
खान ब्यूरो, नागपुर
G20
हिन्दी पखवाड़ा